जन्मोत्सव | श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भगवामय हुई संस्कारधानी, पूरे शहर में हुए आयोजन, जगह- जगह भंडारे

# जय बजरंग बलि हनुमान, हे महावीर करो कल्याण







**नवभारत, जबलपुर।** मंगल मूर्ति राम दुलारे,आन पड़ा अब तेरे द्वारे...जय बजरंग बली हनुमान, हे महावीर करो कल्याण..... श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव पर सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान जी से प्रार्थना करते हुए कल्याण करने का आशीर्वाद मांग रहे थे। श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर पूरी संस्कारधानी में भक्ति की एक नई इमारत देखने को मिली। जहां पर सुबह से ही सभी हनुमान मंदिरों में श्री हनुमान चंद्र जी का पूजन- अर्चन किया गया । इसके अलावा मंदिरों में लोगों की भक्तों की कतारें देखने को मिली। हर छोटे-बड़े मंदिर सहित जगह-जगह पूजन, पाठ, भजन, रामायण एवं भंडारों के साथ महाआरती कर हनुमत आराधना की जा रही है। हनुमान जन्मोत्सव पर भक्तों द्वारा शोभा यात्राएं भी निकाली गई। शहर के मुख्य मंदिरों में भगवान जी का विधि विधान से पूजन- अर्चन किया गया। रात्रि में भी जगह-जगह विविध आयोजन भी किए गए। पूरे शहर में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर सैकड़ों जगह भंडारे के आयोजन भी हुए, जो की देर रात्रि तक चलते रहे।

### मंदिरों में उमड़ी भारी भीड़

हनुमत जन्मोत्सव के अवसर पर सभी हनुमान मंदिरों में बड़े महावीर, रानीताल हनुमान मंदिर, सतपुला हनुमान मंदिर, पाठ बाबा हनुमान मंदिर, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, पहलवान हनुमान मंदिर, प्राचीन बड़े हनुमान मंदिर एवं रामायण हनुमान मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ लगी हुई थी। महिला, पुरुष, बच्चे एवं वृद्ध सभी आम हनुमान जी के दर्शन करने अपने-अपने घरों के नजदीक एवं आस्था वाले मंदिर पहुंचे। जगह-जगह आयोजित भंडारों में खीर, पुड़ी, विभिन्न प्रकार की सब्जियां, हलवा, मिठाई, नमकीन, पोहा, जलेबी, गुलाब जामुन, छेना के रसगुल्ला, रायता सहित विभिन्न प्रकार की सुगर फ्री मिठाई एवं अनेक प्रकार के लजीज व्यंजनों का भोग भंडारे का आयोजन किया गया।



### हनुमान बाग धाम में त्रिदिवसीय आयोजन



गढ़ा स्थित हनुमान बाग धाम में हनुमान जन्मोत्सव के अंतर्गत त्रिदिवसीय धार्मिक आयोजन किए गए। श्री अवधेशेश्वर राजा राम मंदिर परिसर में हनुमान महाभिषेक, एक कुंडी महायज्ञ एवं महाआरती का आयोजन हुआ। संस्थापक पं. बृजेश महाराज ने बताया कि वर्षभर अर्पित श्रीफलों की आहुति महायज्ञ में दी जाती है। पूर्णाहुति सायं संपन्न हुई। आज 3 कन्या पूजन, कन्या भोज एवं विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। आयोजन में अभय पचौरी, डॉ. आशीष मिश्रा, आशु सेठी, दीपक उपाध्याय, मुकेश मिश्रा, नीरज सोनी, नितिन पांडे, कपिल विश्वकर्मा, अखिलेश चौरसिया, अभिषेक शुक्ला, संदीप उपाध्याय, सुधीर चौरसिया, नितिन बसेड़िया, नवीन सोनी सहित अनेक श्रद्धालु शामिल रहे।

### कटरा वाले हनुमान से निकला जुलूस



हनुमान जी के प्राकट्योत्सव पर गुरुवार को रामलीला मैदान स्थित कटरा वाले हनुमान जी सरकार से भव्य जुलूस निकला। जुलूस में पूर्व विधायक विनय सक्सेना, अध्यक्ष अनिल तिवारी, राकेश डी पी पाठक, पंडित वासुदेव शास्त्री, पंडित मोहन महाराज, विजय सरावगी, मनीष पाठक, अरुण दुबे, मंगू गोयल,पवन पांडेय, अजय तिवारी,जुगल श्रीवास, किशन अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष, गणमान्य नागरिक शामिल थे। जुलूस छोटे फुहारा से सुभाष टाकीज़, कोतवाली, सराफा, बड़ा फुहारा, निवाडगंज, दीक्षित पुरा, तमरहाई से छोटे फुहारा पहुंची। हनुमान जी सरकार का जगह-जगह पर लोगों ने स्वागत फूल बर्षा की।

### हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा



जश्री दुर्गा हनुमान मंदिर समिति, सरस्वती कॉलोनी के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य संकीर्तन शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पं. वासुदेव शास्त्री, पं. मनमोहन दुबे, संतोष अग्रहरि एवं पं. देवेंद्र त्रिपाठी के सान्निध्य में हुआ। शोभायात्रा में ध्वज-पताकाओं, पुष्पवर्षा, शंख, घंटा एवं मृदंग की मधुर ध्वनि के बीच संकीर्तन मंडलों ने सहभागिता की। 'हनुमान सीताराम' एवं 'राधे-राधे' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष देवेंद्र नेमा, पं. वीरेंद्र दुबे, रघुराज सिंह ठाकुर, राजेश शर्मा, राजेंद्र तिवारी, सुनील ताम्रकार, नवीन नेमा, देवव्रत सोनी, प्रशांत गुप्ता, सत्यप्रकाश नामदेव, अरविंद गुप्ता, अंकित बहरे, पं. अरविंद तिवारी, राकेश बादल, अमित गुप्ता, नरेंद्र साहू, भरत कोष्टा, पवन साहू, नितिन दुबे, प्रवीण नेमा, आशीष नेमा, सुरेंद्र गिरी, के.एल. दीक्षित, मुन्ना पांडे, अरविंद शर्मा, संदीप नेमा, अमित विश्नोई सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### पाट बाबा में दर्शन करने आए चीफ़ जस्टिस संजीव सचदेवा

पाट बाबा हनुमान मंदिर में विशेष रूप से श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या देखने को मिली, जहां कार्यक्रम में संजीव सचदेवा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उनके आगमन से मंदिर परिसर में उत्साह का माहौल और बढ़ गया। उन्होंने भगवान हनुमान के दर्शन कर प्रदेश व देश की सुख-समृद्धि की कामना की।

### गर्भ गृह से निकले बाल हनुमान



ग्वारीघाट स्थित रामलला मंदिर में गर्भ ग्रह से निकले बाल हनुमान आज हनुमान जन्मोत्सव पर भक्तों द्वारा उनके दर्शन और पूजन पाठ किए गए इसके पश्चात वहां भंडारा का भी आयोजन किया गया।

### इनका कहना है



दक्षिण मुखी हनुमान बाबा जी सभी कष्टों को दूर करते है और सारी मनोकामनाए पूर्ण करते है आज हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में रामायण भंडारा एवम पूजा पाथ प्रारंभ हुई

**पंडित शालिग्राम आचार्य**



जहाँ-जहाँ नाम लिया हनुमान जी का, वहाँ-वहाँ मिटा हर संकट सारा मै हनुमान भक्त कभी हार नहीं मानता, क्योंकि मेरे साथ बजरंगबली का आशीर्वाद रहता है।

**अमरदीप ठाकुर**



वर्दी की शान और हनुमान का नाम—यही है हमारी असली पहचान।

**सी के सिंह**



जो सच्चे मन से पुकारे हनुमान जी को उनकी हर मुश्किल आसान हो जाती है यह मेरा कहना नहीं है यह मेरा अनुभव है ।

**निखिल सैनी ( श्रद्धालु )**

एक नजर में

### डॉ . अल्पना सिंह बनी कृषि कॉलेज की डीन



**नवभारत,जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अनुशंसा पर खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की प्रोफेसर डॉ. अल्पना सिंह को कृषि महाविद्यालय, जबलपुर का अधिष्ठाता बनाया गया है। डॉ. अल्पना सिंह ने भाभा एटोमिक एवं जायका इंटरनेशनल परियोजना में अद्वितीय अनुसंधान कार्य किया है। आपको 10 राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड से सम्मानित भी किया जा चुका है। डॉ. अल्पना सिंह को डीन की जिम्मेदारी मिलने से अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बार्च, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी. के. कौतु, संचालक विस्तार सेवायें डॉ. टी.आर. शर्मा, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव, कुलसचिव डॉ. ए.के. जैन, लेखानियंत्रक श्रीमति संजू तिवारी, उप लेखानियंत्रक डॉ. अजय खरे, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, तकनीकी अधिकारी इंजी एस. के. जैन, सुरक्षा अधिकारी डॉ. वाय.एम. शर्मा सहित विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने फूल गुलदस्ता देकर, स्वागत सम्मान कर बधाई दी, साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की ईश्वर से प्रार्थना की।

### सुमन मेहरा को पीएचडी



**नवभारत,जबलपुर।** एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह द्वारा श्रीमती सुमन मेहरा को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई है। उनका शोध कार्य 'चार वर्षीय एकीकृत स्नातक स्तर के अध्यापक शिक्षा का विद्यार्थियों के अधिगम एवं शैक्षिक अभिरूचि पर सहयोगात्मक शिक्षण विधि का तुलनात्मक अध्ययन' विषय पर केंद्रित रहा। यह शोध कार्य शोध निर्देशक डॉ. अर्चना पाठक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सुमन मेहरा, कृष्ण गोपाल लहरी एवं नारायणी लहरी की सुपुत्री तथा श्री विशाल राज मेहरा की धर्मपत्नी हैं। वे स्वर्गीय सी.एल. जेठू एवं चम्पा रानी मेहरा की पुत्रवधू हैं तथा माँ सरस्वती कॉलोनी, तिलहरी, जबलपुर (मध्यप्रदेश) की निवासी हैं। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर परिवारजनों, शिक्षाविदों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

## कर्मा देवी की जयंती पर समारोह आज

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश साहू समाज की जिला इकाई जबलपुर द्वारा संत शिरोमणी माँ कर्मा देवी की 1010वीं जयंती के उपलक्ष्य में आज 3 अप्रैल 2026, शुक्रवार को भव्य समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्थानीय होटल अग्रोहा में आयोजित होगा, जिसकी शुरुआत शाम 3 बजे से होगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) रविकरण साहू होंगे। अध्यक्षता साहू वैश्य नगर सभा के सचिव सुधीर साहू करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय तेली महासभा के वरिष्ठ संगठन सचिव प्रदीप साहू उपस्थित रहेंगे। समारोह में समाज के सभी आजीवन सदस्यों को सादर आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील प्रांतीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सावित्री साहू, संरक्षक दालचंद साहू, आनंद साहू, इंदु गोल्हानी, प्रांतीय प्रचार सचिव महेश साहू, इंद्र कुमार साहू, संभागीय अध्यक्ष सुन्दर लाल साहू, जिला अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, डॉ. शंकर लाल साहू, जगदीश साहू तथा महिला मंडल की वर्षा साहू, सीमा साहू, एकता साहू, उर्मिला साहू सहित अन्य पदाधिकारियों ने की है।

## चैत्र पूर्णिमा पर निकली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा, संकीर्तन, हवन और भंडारे के साथ समापन



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर के भेड़ाघाट स्थित हरे कृष्णा आश्रम से चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर 501वीं नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा भक्ति और उल्लास के साथ निकाली गई। भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में श्रद्धालु भगवा ध्वज लेकर संकीर्तन करते हुए आगे बढ़े। डोल की धुन पर दुल-दुल, घोड़ी, शेर-भालू नृत्य ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया, वहीं दान सिंह मास्टर ने जादू से मनोरंजन किया। आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज ने परिक्रमा वासियों को बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र वितरित किए। सह संकीर्तनाचार्य सुरेश विश्वकर्मा द्वारा 1100 हवन संपन्न कराया गया। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ. सुधीर अग्रवाल के अनुसार, परिक्रमा बेनगंगा पुल से प्रारंभ होकर 64 योगिनी, पंचवटी, धुआंधार, लमेटा घाट, शनि मंदिर डुडुवाड़ा, इमलिया और न्यू भेड़ाघाट होते हुए सरस्वती घाट से आश्रम पहुंचकर विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुई।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर संघ प्रचारक भूपेंद्र पाराशर, संरक्षक श्रीमती सुषमा शंकर पटेल, श्याम मनोहर पटेल, मीना पटेल, सुरेश विश्वकर्मा, विनोद दीवान, मनोज गुलाबवानी, दुर्गा पटेल, झल्लू पटेल, कैलाश विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा, छन्नू राम पटेल, सचिन अग्रवाल, एडवोकेट शिव कुमार पटेल एवं गुड्डू नेता सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

आराधना | गुड फ्राइडे पर क्रूस यात्रा आज

## पवित्र बृहस्पतिवार पर चर्चों में विशेष आराधना

नवभारत,जबलपुर। पवित्र बृहस्पतिवार (माउंडी थर्सडे) के अवसर पर शहर के सभी चर्चों में विशेष प्रार्थना, आराधना और पावन ख्रीस्तयाग का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। इस दिन प्रभु येसु मसीह द्वारा अपने शिष्यों के साथ अंतिम भोज एवं सेवा और विनम्रता का संदेश स्मरण किया गया। नेपियर टाउन स्थित होली ट्रिनिटी चर्च में पल्ली पुरोहित फादर जॉन वॉल्टर खालको ने परंपरा अनुसार बारह शिष्यों के पैर धोकर सेवा और विनम्रता का संदेश दिया। पावन ख्रीस्तयाग के दौरान फादर बिपिन खालको ने प्रेम, सेवा और आपसी सम्मान को आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। प्रार्थना के बाद देर रात तक आराधना जारी रही, जो प्रभु येसु द्वारा गतसमनी बाग में की गई प्रार्थना का प्रतीक



मानी जाती है। संजय मैथ्यूस के अनुसार गुड फ्राइडे के अवसर पर आज सुबह 7:30 बजे से होली ट्रिनिटी चर्च के तत्वावधान में शहर के प्रमुख मार्गों पर प्रभु येसु की क्रूस यात्रा का सजीव मंचन किया जाएगा। इसमें विभिन्न चर्चों के कलाकार प्रभु येसु के जीवन के अंतिम क्षणों का चित्रण करेंगे।फादर जॉन वॉल्टर खालको ने सभी श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में शामिल होकर आशीष प्राप्त करने की अपील की है।



## चित्रगुप्त प्राकट्य उत्सव पर महाआरती आयोजित

**नवभारत,जबलपुर।** भगवान श्री चित्रगुप्त के प्राकट्य उत्सव पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा भव्य कथा एवं सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज को धर्म से जुड़े रहने और जीवन को सार्थक बनाने का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त का प्राकट्य कायस्थ समाज के लिए गर्व का विषय है और ऐसे आयोजन समाज को प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश महासचिव सुनील श्रीवास्तव ने की। विशिष्ट अतिथियों में शैलेन्द्र सिंह, इंजीनियर देवेन्द्र श्रीवास्तव 'देवेश', डॉ. मलय वर्मा एवं विवेक खरे उपस्थित रहे। कथा का वाचन पंडित राजू महाराज ने किया, जिसमें कार्यकारी जिलाध्यक्ष डॉ. शरद श्रीवास्तव एवं उनकी धर्मपत्नी पदमा श्रीवास्तव मुख्य यजमान रहे। कथा के पश्चात सामूहिक महाआरती और जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में संतोष श्रीवास्तव, सुधीर खरे, बच्चन श्रीवास्तव, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ. संदीप माथुर, विजय श्रीवास्तव, प्रकाश श्रीवास्तव, नवनीत श्रीवास्तव, कपिल खरे, गौरव श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, पुष्पा श्रीवास्तव, डॉ. सोनल खरे, सुषमा ब्यौहार, प्रेमा वर्मा, सी.बी. श्रीवास्तव, ए.के. श्रीवास्तव, पी. श्रीवास्तव, कल्पना श्रीवास्तव, आशा सक्सेना, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, मानवेन्द्र सिंह, अरुण त्रिपाठी, रविन्द्र गुप्ता, इनायत अली शाह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।